Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding inclusion of certain Tribes in the Scheduled Tribes Order under Article 342 of the Constitution.

श्रीमती अपराजिता सारंगी (भुवनेश्वर): अध्यक्ष जी, मैं ओडिशा राज्य से आती हूं। जैसा कि हम सबको ज्ञात है कि यह प्रदेश आदिवासी बहुल प्रदेश है, करीबन 22 प्रतिशत से अधिक लोक संख्या आदिवासी समुदाय की है। इसी परिप्रेक्ष्य में मेरे छोटे-छोटे तीन निवेदन हैं। तीन जनजातियों के विषय में मेरी प्रार्थना है – प्रथम, सौरा, सबरा और सहरा एक जनजाति है, जो अधिसूचित जनजाति की केन्द्रीय सरकार की तालिका में 59वें स्थान पर उल्लिखित है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार इस जनजातीय समुदाय की जनसंख्या 5 लाख 34 हजार 751 है। इसी सन्दर्भ में मेरा कहना है कि सारा, सरा, जो सौरा, सवरा और सहरा के पर्यायवाची हैं, समानार्थक शब्द हैं, उन्हें भी क्रम संख्या 59 पर रखा जाए।

इसके साथ ही धुरवा जनजातीय समुदाय और कन्धकुमार जनजातीय समुदाय के लिए भी मैं अनुरोध करूंगी इन्हें केन्द्रीय तालिका में अंतर्भुक्त किया जाए। धन्यवाद ।